Title: Re: Land erosion caused by Sone River in Palamu district, Jharkhand.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): महोदय, मैं सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ । सोन नदी से देवरीखुर्द, दंगवार से बडेपुर, बुधुवा एवं आसपास का इलाका पलामू जिला हुसैनाबाद अनुमंडल के अंतर्गत पड़ता है, जहाँ जबरदस्त कटाव हो रहा है । इस कटाव से पूर्व में ही कई गाँव नदी की गोद में विलीन हो चुके हैं, अभी भी कई गाँवों एवं किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीन पर कटाव का खतरा मंडरा रहा है । इस इलाके के लोग त्रासदी से बचाव के संदेश भेज रहे हैं । यदि समय रहते कटाव से बचाने के लिए कारगर कदम नहीं उठाए जाएंगे तो पूरा का पूरा इलाका सोन नदी से हो रहे भयंकर कटाव की चपेट में आ जाएगा ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि सोन नदी के कटाव से हो रही जान माल की क्षति को रोकने के लिए संबंधित मंत्रालय द्वारा कारगर कदम उठाए जाएं ताकि जनता राहत की साँस ले सके । धन्यवाद ।